एसपीएस एजेंसी के कर्मचारियों के द्वारा संपत्तिकर के लिए भिलाई निगम क्षेत्र में भवन/भूमियों का किया जा रहा है सर्वे, अब तक 10500 घरों का सर्वे पूर्ण, नागरिकों से सहयोग की अपील

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत श्री साई पब्लिकेशन एवं स्टेशनर्स प्राइवेट लिमिटेड एजेंसी के कर्मचारियों के द्वारा संपत्तिकर को लेकर घरों एवं दुकानों का सर्वे किया जा रहा है। शहर के आम नागरिकों से भी अपील है कि कृपया सर्वे कार्य में एजेंसी के कर्मचारियों को सहयोग प्रदान करें। हालांकि एजेंसी के कर्मचारियों को निगम के द्वारा पहचान पत्र जारी किया गया है। एसपीएस के कर्मचारियों ने अब तक लगभग 10500 घरों का सर्वे पूर्ण कर चुके हैं जिसमें से 400 व्यवसायिक दुकानें भी शामिल है। सर्वे के दौरान 100 ऐसे भवन पाए गए हैं जो कि आवासीय का टैक्स पटा रहे हैं जबकि व्यवसायिक दुकानें संचालित कर रहे हैं। एजेंसी के कर्मचारी अपने सर्वे के दौरान यह देख रहे हैं कि भवन की जगह कितने एरिया में है और निर्माण कितने एरिया में किया गया है , अतिरिक्त निर्माण तो नहीं किया गया है और निर्माण के मुताबिक टैक्स जमा किया जा रहा है या नहीं , टैक्स कब तक का जमा नहीं किया गया है , भूतल के अलावा अन्य तल का निर्माण किया गया है तो उसकी टैक्स जमा की जा रही है कि नहीं , व्यवसायिक के लिए उपयोग कर रहा है तो व्यवसायिक का टैक्स जमा कर रहा है या नहीं यह सभी सर्वे रिपोर्ट के दौरान देखी जा रही है , आवश्यकता पड़ने पर नाप , जोख भी किया जा रहा है। जिनका नया भवन निर्माण है उनकी भी सूची सर्वे के दौरान तैयार की जा रही है ताकि संपत्तिकर के दायरे में इन्हें लाया जा सके। एजेंसी के अमित बोस व सुपरवाइजर विकास शाही ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक जोन क्षेत्र में एजेंसी के 5 कर्मचारी सर्वे कार्य में लगे हुए हैं। सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक निगम के अधिकारियों को इसकी जानकारी एजेंसी के द्वारा प्रदान की जा रही है और रिपोर्ट के आधार पर निगम इस पर आगे की कार्रवाई कर रही है। उल्लेखनीय है कि निगमायुक्त रोहित व्यास ने संपत्तिकर वसूली में तेजी लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।